HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN

**SY 05**

**MARCH 2019**

Time : $2\frac{1}{2}$ Hours
Cool-off time : 15 Minutes

HSSLiVE.IN

Part – II

# HINDI

Maximum : 80 Scores

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool-off time' of 15 minutes in addition to the writing time.
- Use the 'Cool-off time' to get familiar with questions and to plan your answers.
- Read questions carefully before answering.
- Read the instructions carefully.
- Calculations, figures and graphs should be shown in the answer sheet itself.
- Give equations wherever necessary.
- Electronic devices except non-programmable calculators are not allowed in the Examination Hall.

OGY Academy
Outstanding Guidance for Youth

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

नीलांबर परिधान हरित तट पर सुंदर है ।
सूर्य-चंद्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है ।।
नदियाँ प्रेम प्रवाह फूल तारे मंडन हैं ।
बंदीजन खग-वृंद, शेषफन सिंहासन है ।।
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की ।
हे मातृभूमि ! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की ।।

1. मातृभूमि की मेखला क्या है ? **(1)**

2. कवि ने प्रकृति के किन-किन दृश्यों द्वारा मातृभूमि का वर्णन किया है ? **(2)**

3. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(5)**



For Free Carrier Counselling contact :+91 8891314091

HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN

4. सूचना : सही मिलान करें । (8 × 1 = 8)

| | | |
|---|---|---|
| Advance | – | पारिस्थितिकी |
| Virus | – | उपकर |
| Ecology | – | अनुपात |
| Copyright | – | भूगोल |
| Cess | – | पेशगी |
| Geography | – | विषाणु |
| Ratio | – | औसत |
| Average | – | सर्वाधिकार |

सूचना : 5 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें । (3 × 2 = 6)

5. 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है'नामक आत्मकथांश में दो विदाइयाँ हैं, वे कौन-कौन सी हैं ?

6. मुरकी राजवंती के घर कैसे पहुँची ?

7. 'हरषित देखि दूध की दँतियाँ
प्रेम मगन तनु सुधि भूली'
यशोदा अपने आपको भूल गई । क्यों ?

HSSLiVE.IN OGY Academy
Outstanding Guidance for Youth

8. 'लेकिन अभी तो हम लकड़ी की भीगी हुई कब्र में ज़िंदा ही दफ़न है' – बादशाह ऐसे क्यों सोचते हैं ?

सूचना : 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर पाँच या छः वाक्यों में लिखें : (4 × 4 = 16)

9. जीवन-वृत्त के आधार पर प्रसिद्ध कवि कुँवर नारायण के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें ।

| | |
|---|---|
| नाम : | कुँवर नारायण |
| जन्म : | 1927 |
| जन्मस्थान : | उत्तर प्रदेश के फैज़ाबाद |
| रचनाएँ : | चक्रव्यूह, अपने सामने, कोई दूसरा नहीं, इन दिनों |
| पुरस्कार : | ज्ञानपीठ |
| अन्य विधाएँ : | कहानी, समीक्षा, सिनेमा |

10. 'नभ गुँजाती
नीड़ गिरे शिशु पै
मँडराती माँ'– 'माँ की ममता अतुलनीय है'
हाइकू के आधार पर अपना विचार स्पष्ट करें ।



For Free Carrier Counselling contact :+91 8891314091

HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN

11. 'भारत जीवन और स्वतंत्रता की नई सुबह के साथ उठेगा' – नेहरूजी ऐसा क्यों कहते हैं ?

12. 'मन दीवार पर अपना विस्तृत घर खींचने लगी'
सपने के घर में कौन-कौन सी चीज़ें शोभा देती हैं ?

13. निम्नलिखित कथनों के आधार पर राजवंती के चरित्र पर टिप्पणी लिखें :
'मैं प्यार से उसको मुरकी बुलाती थी कभी बुलाकी'
'बड़ी मासूम-सी मातृहीन'
'मेरे जीते जी कभी कोई तुझसे यह चाबी नहीं छीनेगा'

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न संख्या 14, 15 के उत्तर लिखें।**

जब-जब मेरे घर-आँगन में 'गुलमोहर' खिलता है, तो मुझे भटके हुए पीर की याद आ जाती है, जो पग-पग पर खड़ा होकर प्यासों को पानी पिलाता है। चटख गुलमोहर की तरह चटख गर्मी की उस दोपहर में आँचल का छाता लिए जब मैं एक पटरी पर खड़ी होकर स्कूटर का इंतज़ार कर रही थी, तो मेरे पास एक स्कूटरवाला आकर खड़ा हो गया, मेरे कानों में एक आवाज गूँजी, 'कहाँ जाइएगा'। पहले तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि किसी चालक की आवाज़ इतनी मधुर भी हो सकती है ? मुझे जिस दिशा की ओर जाना था, उसे बताया तो उसने 'हाँ' की मुद्रा में सिर हिलाकर कहा 'बैठिएगा'। इस करख्ती भरी दुनिया में जब करख्त आवाज़ें ही सुनाई देती हों, और एक ही आवाज़ मिश्री घुली हो, तो अचरज तो होता ही है।

GOGY Academy
Outstanding Guidance for Youth

14. लेखिका को क्यों अचरज हुआ ? **(2)**

15. गद्यांश का संक्षेपण करें और शीर्षक लिखें। **(6)**

**सूचना : 16 से 19 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें। (3 × 6 = 18)**

16. मुरली की ध्वनि में लीन दो गोपिकाओं के बीच होने वाली संभावित बातचीत तैयार करें।
- सब कामकाज भूल गई
- लोक-लाज की परवाह नहीं किया
- अनुशासन से डरीं नहीं

HSSLiVE.IN

17. विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने के लिए सूरीनाम पहुँचे लेखक उस दिन की डायरी लिखता है। लेखक की डायरी 60-80 शब्दों में तैयार करें।
- उद्घाटन समारोह
- हिंदी का प्रचार-प्रसार
- प्रकृति वर्णन



For Free Carrier Counselling contact :+91 8891314091

HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN

18. 'ये दोस्ती ...
हम नहीं तोड़ेंगे
तोड़ेंगे दम मगर
तेरा साथ ना छोड़ेंगे'
दोस्ती के महत्त्व के बारे में **60-80** शब्दों में टिप्पणी तैयार करें ।

19. खंड का हिंदी में अनुवाद करें :
Hindi is very important for our country. It is our National language. Hindi is life for us because it is that language by which we can express our feelings. It is a very easy language which can be spoken by every one.
(important – महत्त्वपूर्ण, express – अभिव्यक्त करना)

**सूचना : 20 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें ।** **(2 × 8 = 16)**

20. नये मॉडल का स्कूटर बाजार में आया है । बिक्री बढ़ाने के लिए उचित विज्ञापन तैयार करें ।
- आकर्षक रंग
- नया मॉडल
- कम दाम
- मैलेज ज़्यादा

OGY Academy
Outstanding Guidance for Youth

21. पति द्वारा उपेक्षित बुलाकी को राजवंती अपने यहाँ आश्रय देती है – इसके बारे में राजवंती अपनी सहेली को एक पत्र लिखती है । वह पत्र तैयार करें ।
- राजवंती के यहाँ आश्रय मिलना
- पति द्वारा उपेक्षित मुरकी
- जीवन भर चाबी न छीनने का वादा मिलना

22. 'नशीली चीज़ों का उपयोग' विषय पर **100–120** शब्दों में एक भाषण तैयार करें ।
- नशीली चीज़ों का बढ़ता उपयोग
- युवा पीढ़ी पर प्रभाव
- स्वास्थ्य पर हानि
- निवारण के उपाय

HSSLiVE.IN



For Free Carrier Counselling contact :+91 8891314091